अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

## Daily Top News Analysis

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## 1-15 AUG., 2022

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**Q1.** हाल ही में किस देश को "नाटो" संगठन में शामिल किया गया हैं?

(a) स्वीडन (b) दक्षिण अमेरिका
(c) जापान (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर– (A)

व्याख्या :

अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने स्वीडन और फिनलैंड को नाटो में शामिल करने को मंजूरी दे दी।

नाटो कुछ देशों का एक इंटरगवर्नेंट मिलिट्री संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष 1949 में यह 28 यूरोपीय देशों एवं दो उत्तरी अमेरिका देशों के बीच में बनाया गया है।

**Q2.** 'संस्कृत- ग्राम' विकसित करने का निर्णय किस राज्य ने किया हैं?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) उत्तराखंड (d) असम

उत्तर– (C)

व्याख्या :

उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश के सभी 13 जिलों में एक-एक 'संस्कृत- ग्राम' विकसित करने का निर्णय लिया है। यानी हर जिले में एक ऐसा गांव होगा जहां के लोग संस्कृत भाषा में ही बातचीत किया करेंगे।

**Q3.** आईएनएस 314 नेवल स्क्वाड्रन की पांच महिलाओं ने किस महासागर में मेरीटाइम रुकॉनोसेंस ऐंड सर्वेलेंस मिशन पूरा किया हैं?

(a) उत्तरी अटलांटिक महासागर
(b) उत्तरी अरब सागर
(c) दक्षिणी हिन्द महासागर
(d) प्रशांत महासागर

उत्तर– (B)

व्याख्या :

भारतीय नौसेना के अनुसार पोरबंदर, गुजरात स्थित आईएनएस 314 नेवल स्क्वाड्रन की पांच महिलाओं ने नारी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए उत्तरी अरब सागर में मेरीटाइम रुकॉनोसेंस ऐंड सर्वेलेंस मिशन पूरा किया।

**Q4.** हाल ही में यूनेस्को ने किस भारतीय राज्य की एक खगोलीय वेधशाला को दुनिया की महत्वपूर्ण लुप्तप्राय विरासत वेधशालाओं की सूची में जोड़ा है?

(a) राजस्थान (b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

उत्तर– (D)

व्याख्या :

यूनेस्को ने बिहार के मुजफ्फरपुर के लंगत सिंह कॉलेज में 106 साल पुरानी एक खगोलीय वेधशाला को दुनिया की महत्वपूर्ण लुप्तप्राय विरासत वेधशालाओं की सूची में जोड़ा है। जो उस उपेक्षित इमारत को पुनर्जीवित करने की उम्मीदें जगा रही है।

**Q5.** भारत और फ्रांस ने नौसेनाओं के बीच तालमेल का परीक्षण करने के लिए किस महासागर में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास किया?

(a) हिन्द महासागर (b) अटलांटिक महासागर
(c) प्रशांत महासागर (d) भूमध्यसागर

उत्तर– (B)

व्याख्या :

भारत और फ्रांस ने नौसेनाओं के बीच तालमेल का परीक्षण करने के लिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास किया। रूस निर्मित भारतीय नौसेना जहाज (INS) तरकश, जो अपनी लंबी दूरी की विदेशी तैनाती पर है, ने 29 और 30 जुलाई को उत्तरी अटलांटिक महासागर में फ्रांसीसी नौसैनिक जहाजों के साथ एक समुद्री साझेदारी अभ्यास में भाग लिया।

**Q6.** "चिराग योजना" किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई हैं?

(a) तमिलनाडु (b) कर्नाटक
(c) हरियाणा (d) गुजरात

उत्तर– (C)

व्याख्या :

हरियाणा में सरकारी स्कूलों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के छात्रों को प्राइवेट स्कूलों में 'मुफ्त शिक्षा' देने के लिए चिराग योजना शुरू की गई है।

**Q7.** "Nilekani Centre at AI4Bharat" का शुभारंभ किस आईआईटी द्वारा किया गया हैं?

(a) आईआईटी रुड़की (b) आईआईटी मुंबई
(c) आईआईटी अहमदाबाद (d) आईआईटी मद्रास

उत्तर– (d)

व्याख्या :

AI4Bharat IIT मद्रास की एक पहल है।

इसे भारतीय भाषाओं के लिए ओपन सोर्स लैंग्वेज AI बनाने के लिए शुरू किया गया है।

**Q8.** हाल ही में 'राष्ट्रीय युवा और विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम'का आयोजन किस मंत्रालय द्वारा किया गया हैं?

(a) शिक्षा मंत्रालय

(b) सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय

(c) खेल मंत्रालय

(d) ग्रामीण विकास मंत्रालय

उत्तर– (B)

व्याख्या :

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत 4 अगस्त, 2022 को 'नशे से आाज़ादी-राष्ट्रीय युवा और विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया।

Q9. "मिशन भूमिपुत्र पोर्टल" किस राज्य द्वारा लॉन्च किया गया हैं?

(a) असम (b) तेलंगाना

(c) राजस्थान (d) उड़ीसा

उत्तर– (A)

व्याख्या :

यह मिशन जाति प्रमाणपत्र जारी करने की मैनुअल प्रणाली को खत्म कर देगा। आईटी एक्ट के तहत जाति प्रमाणपत्र अब डिजी लॉकर में प्राप्त हो सकेगा।इसे संबंधित उपायुक्तों द्वारा डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित किया जाएगा। इस पोर्टल का उपयोग कक्षा 8वीं के छात्र वर्ष 2023 से जाति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिये कर सकते हैं।

Q10. हाल ही में रामसर स्थलों में शामिल किया गया "साख्य सागर" स्थल किस राज्य में हैं?

(a) केरल (b) तमिलनाडु

(c) पंजाब (d) मध्य प्रदेश

उत्तर– (D)

व्याख्या :

वर्तमान में देश में रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर 64 हो गई है। हाल में शामिल स्थल-

● कूनथनकुलम पक्षी अभयारण्य - तमिलनाडु

●मन्नार की खाड़ी समुद्री बायोस्फीयर रिज़र्व - तमिलनाडु

●वेम्बलूर आर्द्रभूमि कॉम्प्लेक्स - तमिलनाडु

●वेलोड पक्षी अभयारण्य - तमिलनाडु

●वेदतंगल पक्षी अभयारण्य - तमिलनाडु

●उद्यमार्थदपुरम पक्षी अभयारण्य - तमिलनाडु

●करीकिली पक्षी अभयारण्य - तमिलनाडु

●पल्लिकरनई मार्श रिज़र्व फॉरेस्ट - तमिलनाडु

●सतकोसिया गॉर्ज - उड़ीसा

●नंदा झील- गोवा

●रंगनाथडू पक्षी अभयारण्य - कर्नाटक

●सिरपुर वेटलैंड - मध्यप्रदेश

●पिचवरम मैंग्रोव- मिज़ोरम

Q11. हाल ही में "प्रायोगिक शिक्षण कार्यक्रम" की शुरूआत किसके द्वारा की गई हैं-

(a) नीति आयोग (b)सीबीएसई

(c) भारतीय विज्ञान संस्थान(d) दिल्ली विश्वविद्यालय

उत्तर– (B)

व्याख्या :

जनजातीय छात्रों के लिये राष्ट्रीय शिक्षा सोसायटी , जनजातीय कार्य मंत्रालय तथा सीबीएसई ने 3 अगस्त, 2022 को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के लिये 21वीं सदी के कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रायोगिक शिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

Q12. भारत व किस देश के मध्य सैन्य-अभ्यास "अल नजाह" का आयोजन किया जा रहा हैं?

(a) सऊदी अरब (b) ओमान

(c) कतर (d) संयुक्त अरब अमीरात

उत्तर– (B)

व्याख्या :

भारतीय सेना और ओमान की शाही सेना के मध्य 1 से 13 अगस्त 2022 तक संयुक्त सैन्य अभ्यास अल नजाह-IV का आयोजन किया जा रहा है। इस अभ्यास का चौथा संस्करण है।

Q13. भारत व किस देश के मध्य संयुक्त विशेष बल अभ्यास " वज्र प्रहार 2022" का 13 वां संस्करण आयोजित हुआ?

(a) रूस (b) फ्रांस

(c) अमेरिका (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर– (A)

व्याख्या :

भारत-अमेरिका संयुक्त विशेष सैन्य बलों के 13वें संस्करण का अभ्यास "वज्र प्रहार, 2022" स्पेशल फोर्सेज ट्रेनिंग स्कूल बकलोह (हिमाचल प्रदेश) में सम्पन्न हुआ।

Q14. बुनकरों के लिए नेथन्ना बीमा योजना किस राज्य द्वारा शुरू की गई हैं?

(a) तेलंगाना (b) असम

(c) उत्तर प्रदेश (d) उड़ीसा

उत्तर– (A)

व्याख्या :

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर बुनकरों के लिए नेथन्ना बीमा योजना की शुरुआत की।

**Q15.** भारत के किस राज्य में सब्जियों के लिए भारत-इजरायल उत्कृष्टता केंद्र की आधारशिला रखी गई हैं?

(a) गुजरात (b) उत्तर प्रदेश

(c) कर्नाटक (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर– (B)

व्याख्या :

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने उत्तर प्रदेश के चंदौली में भारत-इजरायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र की आधारशिला रखी है।

**Q16.** राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारतीय दल ने कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?

(a) 16 (b) 18

(c) 20 (d) 22

उत्तर– (D)

व्याख्या :

भारत ने 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य समेत कुल 61 पदक जीते हैं। भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। 178 पदकों(67 स्वर्ण) के साथ ऑस्ट्रेलिया पदक तालिका में प्रथम स्थान पर रहा। 176 पदकों के साथ इंग्लैंड पदक तालिका में द्वितीय स्थान व कनाडा 92 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

**Q17.** डॉ. एन. कलाइसेल्वी किस संगठन की पहली महिला महानिदेशक बनी हैं?

(a) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद

(b) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

(c) भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान

(d) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद

उत्तर– (D)

**Q18.** परवाज़ मार्केट लिंकेज योजना किस राज्य/के• राज्य द्वारा शुरू की गई हैं?

(a) लद्दाख (b) आंध्र प्रदेश

(c) उड़ीसा (d) जम्मू कश्मीर

उत्तर– (D)

व्याख्या :

यह एक अभिनव योजना है जिसमें पूरे क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने की जबरदस्त क्षमता है। इस योजना के तहत जम्मू और कश्मीर सरकार माल ढुलाई शुल्क पर 25% की सब्सिडी प्रदान करेगी और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण मोड के माध्यम से सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

**Q19.** कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में 65 किग्रा वर्ग के पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक किसने जीता है?

(a) दीपक पुनिया (b) बजरंग पुनिया

(c) रवि दहिया (d) प्रदीप सारंग

उत्तर– (B)

व्याख्या :

पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में बजरंग पुनिया ने 65 किग्रा वर्ग में कनाडा के लछलन मैकनील को 9-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता है।

**Q20.** हाल ही में भारतीय सेना द्वारा उपग्रह आधारित संचार नेटवर्क के लचीलेपन का परीक्षण करने के लिए किस अभ्यास का आयोजन किया गया ?

(a) स्काईसैट (b) लाइटसैट

(c) स्काईलाइट (d) युद्ध अभ्यास

उत्तर– (C)

व्याख्या :

भारतीय सेना ने भविष्य के संघर्ष के मद्देनजर परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए अपने संपूर्ण उपग्रह आधारित संचार नेटवर्क का परीक्षण और मूल्यांकन करने के लिए "स्काईलाइट" नामक एक अखिल भारतीय अभ्यास किया। यह अभ्यास 25-29 जुलाई, 2022 तक हुआ।

**Q21.** Google के सहयोग से किस मंत्रालय ने "भारत की उड़ान पहल" शुरू की है?

(a) शिक्षा मंत्रालय (b) संस्कृति मंत्रालय

(c) ग्रामीण विकास मंत्रालय

(d) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

उत्तर– (B)

व्याख्या :

संस्कृति मंत्रालय और गूगल ने पिछले 75 वर्षों में भारत की अटूट, अमर, भावना और इसकी उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए "भारत की उड़ान" पहल की शुरुआत की।

**Q22.** हाल ही में भारत ने किस देश को हराकर SAFF अंडर - 20 फुटबॉल चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीती हैं?

(a) बांग्लादेश (b) श्री लंका

(c) पाकिस्तान (d) इंग्लैंड

उत्तर– (A)

व्याख्या :

भारत ने ओडिशा के भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में फाइनल में बांग्लादेश को 5-2 से हराकर SAFF U-20 फुटबॉल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती है।

**Q23.** हाल ही में निम्नलिखित में से किसने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में 62 किग्रा वर्ग में महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता है?

(a) विनेश फोगट (b) साक्षी मलिक

(c) बबीता कुमारी (d) कविता देवी

उत्तर– (B)

व्याख्या :

महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती में साक्षी मलिक ने 62 किग्रा वर्ग में कनाडा के गोडिनेज गोंजालेज को हराकर स्वर्ण पदक जीता है।

**Q24.** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत "बढ़े चलो अभियान" किस केंद्रीय मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है?

(a) संस्कृति मंत्रालय

(b) विदेश मंत्रालय

(c) गृह मंत्रालय

(d) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय

उत्तर– (A)

व्याख्या :

संस्कृति मंत्रालय ने भारत के युवाओं से जुड़ने और उनमें देशभक्ति की गहरी भावना जगाने के उद्देश्य से 'बढ़े चलो अभियान' की शुरुआत की है। भारत के युवाओं को भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करके, इस अभियान को भारत के युवाओं को शामिल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**Q25.** हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किस देश में आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लिया है ?

(a) वियतनाम (b) कम्बोडिया

(c) थाईलैंड (d) बांग्लादेश

उत्तर– (B)

व्याख्या :

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कंबोडिया के नोम पेन्ह में आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लिया।

**Q26.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) को किस वर्ष तक जारी रखने की मंजूरी दी है -

(a) 2023 (b) 2024

(c) 2025 (d) 2026

उत्तर– (B)

व्याख्या :

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) को दिसंबर, 2024 तक जारी रखने की मंजूरी दी। 'सभी के लिए आवास' मिशन जून 2015 में शुरू किया गया था। इस योजना के लिए मूल समय सीमा मार्च 2022 थी, जिसका उद्देश्य सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को पक्के घर उपलब्ध कराना था।

**Q27.** कोलंबिया के राष्ट्रपति के रूप में किसे चुना गया है.

(a) गुस्तावो पेट्रो (b) फ्रांसिया मार्केज़

(c) जोस एंटोनियो ओकाम्पो (d) रोडोल्फो हर्नांडेज़

उत्तर– (A)

व्याख्या :

एक पूर्व विद्रोही सेनानी गुस्तावो पेट्रो, जिन्होंने गहरा सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का वादा किया है, ने कोलंबिया का राष्ट्रपति पद जीता है।

**Q28.** निम्नलिखित में से किसे 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए भारत में बूस्टर खुराक के रूप में अनुमोदित किया गया है -

(a) कोविशील्ड (b) कॉर्बेवैक्स

(c) कोवैक्सिन (d) स्पुतनिक V

उत्तर– (B)

व्याख्या :

भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोवैक्सिन या कोविशील्ड के प्राथमिक टीकाकरण के 6 महीने बाद 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण के तहत एक विषम COVID-19 बूस्टर खुराक के रूप में Corbevax को मंजूरी दी है।

**Q29.** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस कब मनाया जाता है

(a) 12 अगस्त (b) 11 अगस्त

(c) 9 अगस्त (d) 13 अगस्त

उत्तर– (A)

व्याख्या :

समाज के विकास में युवाओं के योगदान के सम्मान में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है। इस वर्ष, यह दिवस "Intergenerational

solidarity: Creating a world for all ages” थीम के तहत मनाया जा रहा है।

**Q30.** विश्व जैव ईंधन दिवस 2022 का विषय क्या है?

(a) जैव ईंधन एक कार्बन तटस्थ दुनिया की ओर

(b) जैव ईंधन एक कार्बन तटस्थ देश की ओर

(c) जैव ईंधन एक कार्बन तटस्थ राज्य की ओर

(d) जैव ईंधन एक कार्बन तटस्थ शहर की ओर

उत्तर– (A)

व्याख्या :

10- अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में गैर-जीवाश्म ईंधन के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष, थीम जैव ईंधन एक कार्बन तटस्थ दुनिया की ओर है।

**Q31.** 22 वें 'भारत रंग महोत्सव' का आयोजन किस राज्य में किया गया?

(a) उत्तर प्रदेश (b) महाराष्ट्र

(c) कर्नाटक (d) पश्चिम बंगाल

उत्तर– (B)

व्याख्या :

महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी ने मुंबई के रवींद्र नाट्य मंदिर में 22वें 'भारत रंग महोत्सव' का उद्घाटन किया।

**Q32.** गूगल से “पर्यावरण अंतर्दृष्टि एक्सप्लोरर (ईआई)” डेटा प्रकाशित करने वाला भारत का पहला शहर बन गया है

(a) दिल्ली (b) कोलकाता

(c) हैदराबाद (d) औरंगाबाद

उत्तर– (D)

व्याख्या :

महाराष्ट्र का औरंगाबाद भारत का पहला शहर बन गया है जिसके लिए गूगल ने एनवायरनमेंटल इनसाइट्स एक्सप्लोरर (ईआईई) डेटा प्रकाशित किया है। औरंगाबाद नगर निगम ने जानकारी दी है कि नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में औरंगाबाद के ट्रैफिक डेटा को सार्वजनिक रूप से लॉन्च कर दिया गया है।

**Q33.** इसरो द्वारा लॉन्च किए जाने वाले 75 ग्रामीण स्कूलों से 750 लड़कियों द्वारा विकसित उपग्रह का नाम क्या है?

(a) आजादी सैट (b) गरुण सैट

(c) मार्तंड सैट (d) उड़ान सैट

उत्तर– (A)

व्याख्या :

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एक छोटा उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV) लॉन्च करने जा रहा है। यह इसरो द्वारा निर्मित सबसे छोटा और सबसे हल्का वाणिज्यिक रॉकेट है। यह राकेट क्यूबसैट आजादीसैट ले जाएगा, जिसे ग्रामीण भारत के 75 स्कूलों में 750 स्कूली लड़कियों द्वारा विकसित किया गया है।

**Q34.** वेदान्थंगल पक्षी अभ्यारण्य और कुंथनकुल पक्षी अभयारण्य, जिन्हें रामसर स्थल घोषित किया गया था, किस राज्य में स्थित हैं ?

(a) कर्नाटक (b) तमिलनाडु

(c) महाराष्ट्र (d) केरल

उत्तर– (B)

**Q35.** जलवायु परिवर्तन के मुद्दे के निराकरण के लिए "अंडर 2 गठबंधन" का सदस्य कौन सा राज्य बना हैं?

(a) महाराष्ट्र (b) पंजाब

(c) तमिलनाडु (d) मध्य प्रदेश

उत्तर– (B)

व्याख्या :

पंजाब सरकार ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दों को हल करने के लिए अंडर 2 गठबंधन नामक वैश्विक नेटवर्क का सदस्य बनने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**Q36.** "दानुरी" किस देश का चंद्र मिशन है?

(a) दक्षिण अफ्रीका (b) ईरान

(c) जापान (d) दक्षिण कोरिया

उत्तर– (D)

व्याख्या :

दक्षिण कोरिया ने 4 अगस्त, 2022 को अन्य देशों के साथ दौड़ में शामिल होकर, चंद्रमा के लिए अपना पहला अंतरिक्ष यान लॉन्च किया। दक्षिण कोरियाई चंद्र ऑर्बिटर भविष्य के लैंडिंग स्पॉट का निरीक्षण करेगा। कोरिया पाथफाइंडर लूनर ऑर्बिटर या फिर दानुरी (Danuri) जिसका अर्थ कोरियाई भाषा में चंद्रमा का आनंद लेना है इसे स्पेसएक्स के फाल्कन 9 लॉन्च वाहन पर लॉन्च किया गया था।

**Q37.** राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले विकास ठाकुर किस खेल से जुड़े हैं

(a) बॉक्सिंग (b) जूडो

(c) भारोत्तोलन (d) बैडमिंटन

उत्तर– (C)

व्याख्या :

भारतीय भारोत्तोलक विकास ठाकुर ने 2 अगस्त, 2022 को बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पुरुषों के 96 किग्रा फाइनल में 346 किग्रा की संयुक्त लिफ्ट के साथ रजत पदक जीता।

**Q38.** राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारतीय बैडमिंटन मिश्रित टीम ने कौन सा पदक जीता ?

(a) कांस्य पदक (b) स्वर्ण पदक

(c) रजत पदक (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर– (C)

व्याख्या :

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किदाम्बी श्रीकांत, सात्विक साइराज रैंकीरेड्डी, लक्ष्यसेन, चीराग शेट्टी, ट्रीसा जॉली, आकर्षी कश्यप, अश्विनी पोनप्पा, गायत्री गोपीचंद और पी.वी. सिंधु की भारतीय टीम को रजत पदक जीतने पर बधाई दी।

**Q39.** भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार निम्नलिखित में से किस खेल में ऐतिहासिक स्वर्ण जीता -

(a) लॉन बॉल (b) वाटर पोलो

(c) रोइंग (d) भारोत्तोलन

उत्तर– (A)

व्याख्या :

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल में इतिहास रचते हुए भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीत लिया है। यह राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में लॉन बॉल में भारत का पहला पदक है।

**Q40.** हाल ही में किसे नया केंद्रीय सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया गया है?

(a) उर्जित पटेल (b) सुरेश एन पटेल

(c) राजीव कुमार (d) अमिताभ कांत

उत्तर– (B)

**Q41.** SMILE-75 पहल की शुरुआत किसके द्वारा की गई हैं?

(a) नीति आयोग

(b) महिला आयोग

(c) सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय

(d) जनजातीय मंत्रालय

उत्तर– (C)

व्याख्या :

स्माइल-75 पहल के तहत, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने भीख मांगने वाले व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास के लिए 75 नगर निगमों को चिह्नित किया है। यह पहल आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुरू की गई है।

**Q42.** भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह के मिशन प्रमुख और मुख्य सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त एडमिरल गुइलेर्मो पाब्लो रियोस का सम्बंध किस देश से हैं?

(a) अमेरिका (b) स्पेन

(c) पुर्तगाल (d) अर्जेंटीना

उत्तर– (D)

**Q43.** भारत ने किस देश के साथ द्विपक्षीय युद्धाभ्यास 'उदारशक्ति' में भाग लिया?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) मलेशिया

(c) वियतनाम (d) थाईलैंड

उत्तर– (B)

व्याख्या :

यह भारतीय वायु सेना और रॉयल मलेशियाई वायु सेना के बीच आयोजित किया जाने वाला पहला द्विपक्षीय अभ्यास है। इस चार दिवसीय युद्धाभ्यास में दोनों वायु सेनाओं के बीच विभिन्न हवाई युद्ध अभ्यास आयोजित किए जाएंगे।

**Q44.** खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग अंडर-16 का आयोजन कहाँ होगा?

(a) अहमदाबाद (b) पंचकूला

(c) दिल्ली (d) जयपुर

उत्तर– (C)

व्याख्या :

पहली खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग अंडर-16 इस महीने की 16 से 23 अगस्त के बीच नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेली जाएगी। युवा कार्य और खेल मंत्रालय के अनुसार देश की कुल 16 टीमें इसमें भाग ले रही हैं।

**Q45.** हाल ही समाचार पत्रों में देखा गया 'स्पार्क' क्या हैं?

(a) सुपर कंप्यूटर (b) तितली की नई प्रजाति

(c) नई आकाश गंगा (d) अंतरिक्ष संग्रहालय

उत्तर– (D)

व्याख्या :

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक इंटरैक्टिव इंटरफेस के साथ कई इसरो मिशनों को प्रदर्शित करने के लिए 'स्पार्क' अंतरिक्ष संग्रहालय नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। 'स्पार्क' अंतरिक्ष संग्रहालय के रूप में जाना जाने वाला डिजिटल प्लेटफॉर्म इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ द्वारा लॉन्च किया गया।

**Q46.** 44वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन में किस देश ने स्वर्ण पदक जीता?

(a) भारत (b) आर्मेनिया
(c) पुर्तगाल (d) उज्बेकिस्तान

उत्तर– (D)

व्याख्या :

उज्बेकिस्तान की टीम ने 44वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन में स्वर्ण पदक जीता है। टीम आर्मेनिया ने रजत जीता जबकि भारत-2 टीम ने ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में यूक्रेन ने स्वर्ण पदक जीता। टीम जॉर्जिया ने रजत जीता, जबकि भारत-1 टीम ने कांस्य पदक जीता।

**Q47.** हाल ही में जेम्स मारेप किस देश के प्रधानमंत्री बने हैं?

(a) वेनेजुएला (b) पराग्वे
(c) पापुआ न्यू गिनी (d) गुयाना

उत्तर– (C)

**Q48.** डिफेंस एक्सपो का 12वां संस्करण कहाँ आयोजित होगा?

(a) हैदराबाद (b) गांधीनगर
(c)लखनऊ (d) बेंगलुरु

उत्तर– (B)

व्याख्या :

डिफेंस एक्सपो का आयोजन इस साल 18 से 22 अक्टूबर तक गुजरात के गांधीनगर में किया जाएगा। इस साल का डेफएक्सपो प्रतिष्ठित द्विवार्षिक रक्षा प्रदर्शनी का 12वां संस्करण होगा। सशस्त्र बलों, डीपीएसयू और उद्योग के उपकरणों और कौशल सेट का प्रदर्शन साबरमती रिवर फ्रंट में सभी स्तरों पर सक्रिय भागीदारी और सिंक्रनाइज प्रयासों के माध्यम से सभी पांच दिनों में लाइव प्रदर्शन किया जाएगा।

**Q49.** कामनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने किस देश से फाइनल हार कर रजत पदक हासिल किया?

(a) इंग्लैंड (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) न्यूजीलैंड (d) आयरलैंड

उत्तर– (B)

व्याख्या :

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 9 रन से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 161 रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में भारतीय टीम 19.3 ओवर में 152 रन ही बना सकी।

**Q50.** कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारत के दीपक पुनिया ने कुश्ती में कौन सा पदक जीता?

(a) रजत पदक (b) कांस्य पदक
(c) स्वर्ण पदक (d) इनमें से कोई नही

उत्तर– (C)

व्याख्या :

पुनिया ने फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में पाकिस्तान के मोहम्मद इनाम को हरा कर स्वर्ण पदक जीता।